समाचार

विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रक्रिया में तेजी लाएं – आयुक्त

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की, कार्यप्रक्रिया में तेजी लाने, समय पर कार्यो को पूरा करने व कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने के दिए निर्देश)

कोरबा 24 दिसम्बर 2024 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अभियंताओं, अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रक्रिया में आवश्यक तेजी लाएं, अनावश्यक विलंब से बचें, अनुबध, आशय पत्र, कार्यादेश देने व कार्य प्रारंभ कराने से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में गति लाएं, प्रगतिरत कार्यो को समयसीमा पर पूरा करें तथा निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें। उन्होने कहा कि स्वीकृत विकास कार्यो की निविदा आदि की कार्यवाही समयसीमा में कराएं, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो व जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की कार्यवाही प्राथमिकता के साथ संपादित कराएं।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं एवं अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के विकास व निर्माण

कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने विकास कार्यो की जोनवार, मदवार व वार्डवार समीक्षा करते हुए कार्यो की कार्यप्रगति की जानकारी ली, इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, सीएसआर मद, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद, सांसद मद, विधायक मद, पार्षद मद, निगम मद, एनकैप मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की जोनवार व वार्डवार समीक्षा करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश अभियंताओं को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि जो कार्य स्वीकृत हैं, उनकी निविदा प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हों, यह सुनिश्चित करें। जिन विकास व निर्माण कार्यो की निविदा प्रक्रिया हो चुकी है, उनके अनुबंध संपादन, आशय पत्र, कार्यादेश प्रदान करने आदि की कार्यवाही समयसीमा के अंदर पूरी कराएं तथा निर्माण कार्य प्रारंभ कराएं। बैठक के दौरानआयुक्त श्री पाण्डेय ने विभिन्न वार्डो में सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, मंच सहित अन्य निर्माण कार्य, मरम्मत व सुधार कार्य आदि की बिन्दुवार समीक्षा की तथा कार्यो में गति लाने, समयसीमा में कार्यो को पूरा करने, कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अभियंताओं को दिए।

शहर की स्वच्छता व सफाई कार्यो पर विशेष फोकस – बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने साफ–सफाई कार्यो की समीक्षा करते हुए स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लाने, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्यो का संपादन करने, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण को अधिक प्रभावी स्वरूप देने, सड़क, नाली, चौक–चौराहों की नियमित साफ–सफाई व शहर की स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए सफाई कार्यो का संपादन किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुड़े कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क रोशनी व्यवस्था के तहत लगाई गई सभी स्ट्रीट लाईटें अनिवार्य रूप से जले, पेयजल की निर्वाध रूप से नियमित आपूर्ति हों, इस दिशा में पूरी सजगता के साथ कार्य करें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, विनोद शांडिल्य, अजीत तिग्गा, एन.के.नाथ, सुरेश बरूवा, अखिलेश शुक्ला, राकेश मसीह, तपन तिवारी, प्रकाश चन्द्रा, संतोष रवि, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, योगेश राठौर, सुनील टांडे, विवेक रिछारिया, विपिन मिश्रा, एस.सी.सोनी, यशवंत जोगी, रमेश सूर्यवंशी, आकाश अग्रवाल, सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास, डी.पी.साहू, विनोद गोंड़, गोयल सिंह विमल, अंजूला अनंत, राजस्व निरीक्षक सुमित गुप्ता, अरविंद वानखेडे, उत्तम साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।